





# रात में सुरक्षा घेरे को तोड़ा...गार्ड पर हमला कर 7 बाल अपचारी भागे, गिरफ्तार

- एक साथ भागने की तैयारी ने खोली सुरक्षा व्यवस्था की पोल
- अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** शासकीय बाल संप्रेषण गृह में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए संगीन अपराधों में बंद 7 बाल अपचारी फरार हो गए। भागने से पहले उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की और मौका मिलते ही सुरक्षा घेरे को पार कर निकल गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जिलेभर में घेराबंदी शुरू कर दी।




रात में बाल अपचारियों ने एकजुट होकर सुरक्षा गार्ड को घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से गार्ड को संभलने का मौका नहीं मिला। इसके बाद 7 बाल अपचारी संप्रेषण गृह की सुरक्षा दीवार को पार कर फरार हो गए। फरार होने वालों में हत्या, दुष्कर्म, रंगदारी और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में बंद बाल अपचारी शामिल बताए गए हैं। ऐसे में एक साथ सुरक्षा व्यवस्था को भेदकर बाहर निकल जाना संप्रेषण गृह की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित कुमार, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, आईए थाना प्रभारी गायत्री सोनी और एसडीएम तरुण जैन सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बाल संप्रेषण गृह पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद कर्मचारियों से घटना के संबंध में जानकारी ली। वहीं पुलिस की तत्परता से 6 बाल अपचारियों नामली क्षेत्र से, जबकि एक उज्जैन को गिरफ्तार किया।

**तुरंत शुरू की घेराबंदी:** घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जिलेभर में नाकाबंदी कर फरार बाल अपचारियों की तलाश शुरू की। संभावित मार्गों पर चेकिंग बढ़ाई गई।

### तीन पारियों में सुरक्षा, फिर कैसे टूट गया घेरा ?

एसडीएम तरुण जैन ने बताया कि बाल संप्रेषण गृह में तीन पारियों में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रहती है। रात में भी सुरक्षा कर्मचारी ड्यूटी पर था। तीन पारियों में सुरक्षा व्यवस्था होने के बाद फिर कैसे टूग गया घेरा यह सवाल खड़ा हो रहा हैं। उधर एसडीएम के अनुसार घटना की विस्तृत जांच कराई जा रही है।

# पांच साल से फाइलें अटकी : कलेक्टर का डंडा चला, शहर और ग्रामीण तहसीलदार को नोटिस

- जांच प्रतिवेदन नहीं देने से न्यायालयीन कार्रवाई अटकीं

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** राजस्व न्यायालयों में वर्षों से लंबित प्रकरणों को लेकर कलेक्टर अजय कटेसरिया ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जांच और तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण रतलाम शहर के तहसीलदार कुलभूषण शर्मा और रतलाम ग्रामीण की तहसीलदार प्रतिभा भाभर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। दोनों अधिकारियों से दो दिन के भीतर विलंब के कारणों सहित स्पष्टीकरण और संबंधित मूल प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि राजस्व अधिकारियों की 6 अगस्त को हुई बैठक में कलेक्टर न्यायालय में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। इसमें सामने आया कि रतलाम शहर तहसीलदार के स्तर पर भेजे गए प्रकरण पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। इसी तरह रतलाम ग्रामीण तहसीलदार के स्तर पर भेजे गए प्रकरण भी पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित पाए गए। इन प्रकरणों में आयुक्त उज्जैन संभाग के न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के पालन में संबंधित भूमियों के वर्तमान उपयोग और मौके की स्थिति का जांच प्रतिवेदन मांगा गया था। इसके लिए सात दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई थी, लेकिन निर्धारित अवधि में प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया।

### शहर तहसीलदार के पास 9 प्रकरण लंबित

तहसीलदार रतलाम शहर कुलभूषण शर्मा के स्तर पर न्यायालय कलेक्टर के प्रकरण क्रमांक 04, 05, 06, 09, 011, 012, 014, 015 और 016/अ-21/2021-22 भेजे गए थे। इनमें आवश्यक जांच और तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना था। कलेक्टर के नोटिस के अनुसार, जांच प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण इन प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण नहीं हो सका और न्यायालयीन कार्यवाही प्रभावित हुई।

**ग्रामीण तहसीलदार के पास 3 प्रकरण:** तहसीलदार रतलाम ग्रामीण प्रतिभा भाभर के स्तर पर प्रकरण क्रमांक 07, 08 और 017/अ-21/2021-22 भेजे गए थे। इन मामलों में भी संबंधित भूमियों की वर्तमान स्थिति को लेकर जांच प्रतिवेदन मांगा गया था, लेकिन समय पर प्रतिवेदन नहीं मिलने से प्रकरण लंबित रहे।

**निर्देश के बाद भी काम पूरा नहीं करने पर सवाल:** कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि प्रकरणों का लंबे समय तक लंबित रहना और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद भी निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई पूरी नहीं किया जाना कार्य के प्रति उदासीनता और लापरवाही को दर्शाता है। नोटिस में इसे मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के प्रावधानों के विपरीत बताते हुए कदाचरण, शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की श्रेणी में माना गया है।

# पुलिस ने आधे घंटे के अंतराल में दो को चाकू समेत पकड़ा

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने विरियाखेड़ी क्षेत्र में एक ही खुले स्थान पर आधे घंटे के अंतराल में दो युवकों को धारदार चाकू के साथ पकड़ लिया। दोनों युवक मंगलमूर्ति कॉलोनी के पीछे खुले स्थान पर चाकू लेकर घूम रहे थे। पुलिस के अनुसार पहली कार्रवाई शनिवार शाम करीब 5 से 5.25 बजे के बीच मंगलमूर्ति कॉलोनी के पीछे विरियाखेड़ी के खुले स्थान पर की गई। पुलिस ने श्रेयांशसिंह पिता भूपेंद्र सिंह गोयल, उम्र 28 वर्ष, निवासी एमआईजी-67 डोंगरे नगर, रतलाम को पकड़ा। तलाशी में उसके पास लोहे का खटकेदार धारदार चाकू मिला, जिसकी कीमत करीब 200 रुपए बताई गई। इसके बाद दूसरी कार्रवाई शाम 5.30 से 5.50 बजे के बीच इसी क्षेत्र में की गई। पुलिस ने चेतन पिता अर्जुन परमार, उम्र 31 वर्ष, निवासी मकान नंबर 17, लुहार रोड, थाना माणकचौक, रतलाम को चाकू के साथ पकड़ लिया। उसके पास से भी करीब 200 रुपए कीमत का लोहे का खटकेदार धारदार चाकू बरामद हुआ। दोनों कार्रवाइयों की खास बात यह रही कि पुलिस ने एक ही क्षेत्र में महज कुछ मिनट के अंतर से दो अलग-अलग युवकों को धारदार हथियार के साथ पकड़ा। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही चाकू के साथ पकड़े जाने की बात कही है। दोनों मामलों में भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# विहिप-बजरंग दल की विभाग बैठक कल से

**रतलाम।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की दो दिवसीय विभाग बैठक 11 और 12 अगस्त को रतलाम में आयोजित होगी। बैठक नारायणी पैलेस, 80 फीट रोड पर होगी। दो दिनों तक चलने वाली बैठक में संगठन के आगामी कार्यों, गतिविधियों और कार्ययोजना को लेकर पदाधिकारी मंथन करेंगे। बैठक में प्रांत सह मंत्री एवं रतलाम विभाग पालक संजय होलकर तथा विभाग मंत्री पवन बंजारा की प्रमुख उपस्थिति रहेगी। संगठन से जुड़े पदाधिकारी बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा करेंगे और कार्यों को आगे बढ़ाने की रणनीति पर विचार-विमर्श करेंगे। दो दिनों तक चलने वाली इस बैठक को संगठन की आगामी गतिविधियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों, संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर दिशा तय की जाएगी।

## एक नजर में

### करंट लगने से घायल युवक की इंदौर में मौत

**रतलाम।** करीब 40 दिन पहले महू रोड क्षेत्र में करंट लगने से घायल हुए 22 वर्षीय युवक की इंदौर के अरविंदो अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक का हादसे के बाद से इलाज चल रहा था। शनिवार की शाम करीब 7 .15 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्टेशन रोड पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अनस पिता असरफ शेख, उम्र 22 वर्ष, निवासी 270 सेरानीपुरा, रतलाम के रूप में हुई है। 28 जून को शाम करीब 8 .35 बजे महू रोड क्षेत्र में अनस को करंट लग गया था। हादसे के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे इंदौर के अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां करीब 40 दिन तक उपचार चला। 8 अगस्त की शाम 7 .15 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सकीय जानकारी में मौत का कारण करंट लगने से हुई चोटों के दौरान उपचार बताया गया है। घटना की सूचना पुलिस को मिलने के बाद स्टेशन रोड थाने ने मर्ग मामला दर्ज किया है। मामले की जांच प्रधान आरक्षक विक्रमसिंह द्वारा की जा रही है।

### पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 12 को

**रतलाम।** भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय, एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर के द्वारा जिला प्रशासन रतलाम के सहयोग से पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय आईटीआई रतलाम के सभागृह में 12 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा स्कीम में रजिस्टर्ड लाभार्थी सीधे उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं, जिसके लिए पीएम विश्वकर्मा आईडी कार्ड लाना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम के दौरान पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों को उद्यमिता, वित्तीय सहायता, ईकॉमर्स, केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं, ट्रेनिंग, टूल किट आदि विषयों के साथ विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं एक्सपोर्ट की जानकारी प्रदान की जाएगी।

### 145 वां संस्थापक दिवस पौधारोपण कर मनाया

**रतलाम।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संस्थापक सर सोराब पोचखानावाला का 145 वाँ का 'संस्थापना दिवस' ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सेन्ट्रल बैंक, रतलाम में आदरणीय संतोष कुमार, क्षेत्रीय प्रवन्धक, सेन्ट्रल बैंक की अध्यक्षता में अजित कुमार पुरुष्टी, मुख्य-प्रबन्धक के मुख्य अतिथ्य में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम संतोष कुमार ,क्षेत्रीय प्रवन्धक ने इस अवसर पर 'एक पेड़ मां नाम' के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया। संतोष कुमार ने प्रशिक्षणार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि हमने आरसेटी में आकर आप बच्चों के बीच वृक्षारोपण इसलिये किया ताकि आप प्रशिक्षण लेकर इसकी भांति पल्लवित हो, जैसे वृक्ष की रक्षा करने पर यह फल व छाया देने लगता है ।संस्था के डायरेक्टर राजीव सक्सेना ने आर सेटी के द्वारा संचालित गतिविधियों पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि हम न केवल प्रशिक्षण देते हैं बल्कि प्रशिक्षण उपरान्त हेन्डहोल्डिंग कर उनका रोजगार स्थापित करने तक हर संभव सहायता करते हैं। महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रशिक्षक श्रीमती माया सिंह ने बताया कि लड़के वन्श कहलाते है लेकिन लड़कियां वन्शिका होती है जो दो कुल को रोशन करती है।. पूर्व डायरेक्टर भी रत्नेश सेठिया, त्रिलोक सांखला, अजित कुमार पुरूष्ठी ने भी सभा को संबोधित किया।सुरेंद्र सिंह डामोर ने सफलतापूर्वक संचालन किया। श्रीमती सोनू राठौड ने आभार माना।. सभा में संजय डारिया , शैलेन्द्र राठौड , प्रसाद राव शिंदे , इलियास , पिलोदिया एवं समस्त क्षेत्रीय कार्यालय स्टाफ, संदीप बरगैया, मोहित सिसोदिया, भविष्य सांखला एवं वर्तमान में आरसेटी में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# आदिवासी दिवस पर निकली रैली... बरसे फूल, गूंजे नारे

- बाजना बस स्टैंड पर कांग्रेस ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** विश्व आदिवासी दिवस पर रविवार को आदिवासी समाज की भव्य रैली शहर के बाजना बस स्टैंड चौराहे पर पहुंची तो माहौल स्वागत और सम्मान से भर गया। शहर कांग्रेस कमेटी ने रैली में शामिल समाजजनों पर पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रैली का स्वागत किया और विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दीं।



चार पहिया वाहनों से सुसज्जित रैली में आदिवासी समाज के आराध्य देव और महापुरुषों की तस्वीरें भी शामिल थीं। चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके बाद रैली में शामिल समाजजनों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहा कि आदिवासी समाज का देश की संस्कृति, परंपरा और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समाज के महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष, त्याग और योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। स्वागत के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और रैली में शामिल समाजजनों के बीच आत्मीय माहौल नजर आया। बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर मयंक जाट, महेंद्र कटारिया, कमरुद्दीन कछवाया, प्रदीप राठौड़, शांतु गवली, राकेश झालानी, बसंत पंड्या, हितेश पेमल, राजेश पोरवाल, इक्का बेलुत, वुसत जैदी, विजय उपाध्याय, रामचंद्र गवली, नासिर कुरैशी, किशनलाल, साकिर खान, लालू स्टीफन, राजेश प्रजापत, एस.आर. बैरागी, गौरव ठाकुर, मोंटी, इकरार चौधरी, यूसुफ शाह, पतंजलि जोशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पवन चक्की कंपनी के कार्यालय में तोड़फोड़

रतलाम। डीडीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम वाक्यापाड़ा-पलसोड़ी में पहाड़ी पर लगी पवन चक्कियों के कार्यालय में आधी रात घुसकर तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कैलाश पिता गलिया देवड़ा, निवासी गोपालपुरा, थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम, अपने एक साथी के साथ कंपनी के कार्यालय में घुसा और वहां सामान में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया।

घटना शनिवार की रात करीब 12.30 बजे की बताई गई है। पुलिस के अनुसार विवेक पिता स्वर्गीय सतीश कुमार यादव, उम्र 34 वर्ष, निवासी कनेरी पुलिस लाइन रतलाम, जो वर्तमान में वाक्यापाड़ा-पलसोड़ी की पहाड़ी पर स्थित पवन चक्की के सीएमएस कार्यालय में रहते हैं, ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक रात करीब 12.30 बजे कैलाश और उसका साथी कार्यालय में घुसे। आरोप है कि दोनों ने कार्यालय में तोड़फोड़ की, जिससे कंपनी की संपत्ति को नुकसान पहुंचा। घटना के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। डीडीनगर पुलिस ने कैलाश पिता गलिया देवड़ा और उसके साथी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(2), 324(4) तथा पुराने प्रावधानों के तहत दर्ज धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस मामले में तोड़फोड़ के कारण, नुकसान की मात्रा और घटना में शामिल दूसरे व्यक्ति की भूमिका की जांच कर रही है।

# नए स्वरूप में फिर शुरू होगा हरियाली अमावस्या का पारंपरिक मेला

- त्रिपोलिया गेट से अमृत सागर तालाब की पाल और गढ़ कैलाश मंदिर क्षेत्र में होगा आयोजन

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर रतलाम में वर्षों पुरानी मेले की परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए इस वर्ष से हरियाली अमावस्या का पारंपरिक मेला पुनः नए स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। यह एक दिवसीय मेला त्रिपोलिया गेट से अमृत सागर तालाब की पाल एवं गढ़ कैलाश मंदिर क्षेत्र में आयोजित होगा।

हरियाली अमावस्या 12 अगस्त के अवसर पर सायं 4 बजे के पश्चात प्रारंभ होने वाले इस मेले में श्रावण की रिमझिम फुहारों के बीच, धार्मिक आस्था के साथ मनोरंजन एवं पारंपरिक गतिविधियों का समावेश रहेगा। मेले में विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन, खेलकूद, खरीदारी एवं खान-पान आदि की व्यवस्थाएं रहेंगी। श्रद्धालुओं को क्षेत्र के मंदिरों एवं देवालयों में पूजा-अर्चना एवं दर्शन का अवसर भी प्राप्त होगा।

**प्रशासन एवं नागरिकों से सहयोग का आह्वान:** श्री सनातन धर्म सभा द्वारा नगर निगम महापौर एवं परिषद, क्षेत्र के पार्षदों, जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन से मेले के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया है। संस्था के पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र शर्मा, नवनीत सोनी, तारा बहन सोनी, रजनी व्यास, राखी व्यास पुष्पेन्द्र जोशी, राजेश दवे आदि ने रतलाम शहर के नागरिकों, विशेषकर महिलाओं एवं परिवारों से इस धार्मिक एवं पारंपरिक मेले में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने का आह्वान किया है। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। श्री सनातन धर्म सभा ने विश्वास व्यक्त किया कि नागरिकों एवं प्रशासन के सहयोग से यह प्राचीन परंपरा पुनः जीवंत होगी तथा आगामी वर्षों में हरियाली अमावस्या के मेले को और अधिक भव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

### रियासतकाल से चली आ रही है मेले की परंपरा

हरियाली अमावस्या के अवसर पर रियासतकाल से ही त्रिपोलिया गेट एवं अमृत सागर तालाब की पाल क्षेत्र में प्रतिवर्ष महिलाओं के मेले का आयोजन होता आया है। यह मेला शहर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, लेकिन समय के साथ यह परंपरा लगभग विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई थी। उक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष अनिल झालानी ने बताया कि विगत दिवस श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति, रतलाम द्वारा इस पारंपरिक मेले को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया गया, जिसके बाद इस वर्ष से पुन: मेले के आयोजन के प्रयास प्रारंभ किए गए हैं। सभा का उद्देश्य इस प्राचीन परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ते हुए आने वाले वर्षों में इसे और अधिक भव्य एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करना है।

# आज निकलेगी शाही सवारी ...शहर में ट्रैफिक रूट डायवर्ट

- यातायात पुलिस पूरे मार्ग पर मुस्तैदी से रहेगी तैनात

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** श्री मौजी शंकर महादेव की शाही सवारी आज निकलेगी। सवारी श्री मौजी शंकर महादेव मंदिर से शुरू होगी। इस शाही सवारी में जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर विजय शाह भी शामिल होंगे।

शहर में श्री मौजी शंकर महादेव की शाही सवारी आज धूमधाम से निकाली जाएगी। इसको लेकर लम्बे समय से तैयारियां की जा रही हें। जानकारी के अनुसार पूजा-अर्चना के बाद शाही सावारी घास बाजार, चौमुखीपुल, चांदनीचौक, तोपखाना, गणेश देवरी, रानी जी का मंदिर, नाहरपुरा और डालुमोदी बाजार होते हुए माणकचौक पहुंचेगी। शाही सवारी के दौरान भीड़ और श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए यातायात पुलिस ने मार्ग परिवर्तन की व्यवस्था की है। सवारी जिस क्षेत्र में पहुंचेगी, वहां जाने वाले प्रमुख मार्गों से वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा।

शाही सवारी के भ्रमण के दौरान सायर चबूतरा से घास बाजार, चौमुखीपुल से घास बाजार तथा गणेश देवरी से डालुमोदी बाजार की ओर आने वाले वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। सवारी के चांदनीचौक पहुंचने पर त्रिपुलिया गेट, बाजना बस स्टैंड और तोपखाना की ओर से चांदनीचौक जाने वाले वाहनों को दूसरे मार्गों से निकाला जाएगा।

शाही सवारी के तोपखाना पहुंचने पर नवकार नमकीन से तोपखाना और हरदेवलाला पिपली से तोपखाना की ओर आने वाले वाहनों का मार्ग डायवर्ट रहेगा। सवारी के गणेश देवरी पहुंचने पर चौमुखीपुल, डालुमोदी बाजार और रानी जी का मंदिर की ओर से गणेश देवरी आने वाले वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा।

### प्रभारी मंत्री शाह का रतलाम प्रवास

जिले के प्रभारी मंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री कुंवर विजय शाह 10 अगस्त को रतलाम प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री शाह प्रात: 9 .30 बजे इंदौर से रतलाम के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12 बजे रतलाम पहुंचेंगे। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे रंगोली गार्डन में आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के संबंध में बैठक में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक उनका समय सर्किट हाउस रतलाम में आरक्षित रहेगा। इसके बाद सायं 4 बजे वे श्री मौजी शंकर महादेव की भव्य शाही सवारी में सहभागिता करेंगे। सायं 5 बजे प्रभारी मंत्री श्री कुंवर विजय शाह रतलाम से उ'जैन-इंदौर मार्ग होते हुए भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# श्रम नीति, निजीकरण निजी के विरोध में मजदूर-किसानों का कल सत्याग्रह

- कई मांगों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा करेगा प्रदर्शन

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में 29 जुलाई को हुए मजदूर-किसान राष्ट्रीय सम्मेलन में लिए गए आंदोलन के निर्णय की गूंज अब रतलाम में सुनाई देगी। केंद्रीय ट्रेड यूनियन सीटू, विभिन्न सेक्टर की फेडरेशन इकाइयों और किसान मोर्चा से जुड़े संगठनों के संयुक्त आह्वान पर सोमवार 10 अगस्त को शहीद चौक पर सत्याग्रह किया जाएगा।

सत्याग्रह सुबह 11 बजे शुरू होगा। आंदोलनकारी केंद्र सरकार की श्रम नीतियों, बढ़ती महंगाई, सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण और रोजगार से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध दर्ज कराएंगे। आंदोलन का सबसे बड़ा मुद्दा चार श्रम संहिताओं को रद्द करना है। संयुक्त ट्रेड यूनियनों का आरोप है कि नई श्रम संहिताएं श्रमिकों के हितों को कमजोर करती हैं। इसके साथ ही मजदूरों के लिए 26 हजार रुपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन और 8 घंटे का कार्य दिवस सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई जाएगी। सत्याग्रह में ठेका, आउटसोर्सिंग और निश्चित अवधि के रोजगार की व्यवस्था खत्म कर स्थायी पदों पर स्थायी नियुक्तियां करने की मांग रखी जाएगी। आंगनवाड़ी, आशा, उषा और मध्यान्ह भोजन कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने तथा सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा और पेंशन सुनिश्चित करने की मांग भी आंदोलन का हिस्सा होगी। संयुक्त मोर्चा बेलगाम बढ़ती महंगाई के विरोध के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के निजीकरण का भी विरोध करेगा। संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चे ने मजदूरों, किसानों, कर्मचारियों और प्रभावित वर्गों से सोमवार सुबह 11 बजे शहीद चौक पहुंचकर सत्याग्रह में शामिल होने की अपील की है।



### पोस्टर का विमोचन, संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारी रहे मौजूद

सत्याग्रह को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान संयुक्त ट्रेड यूनियन के आईएल पुरोहित, मांगीलाल नागावत, रणजीत सिंह, कीर्ति शर्मा, कला डामोर, गीता राठौर, प्रोफेसर रतन चौहान सहित मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के सचिव निखिल मिश्रा, अध्यक्ष अभिषेक जैन, उपाध्यक्ष रशीद कुरैशी, गोपाल चौहान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**एक नजर में** | पं. शर्मा के भजनों पर भक्तिरस में डूबा परिसर, पवित्रा एकादशी पर होगा विशेष संकीर्तन

# गीता मंदिर में मनाया 99वां एकादशी संकीर्तन

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** गीता मंदिर में रविवार को 99वां एकादशी संकीर्तन भक्ति और उल्लास के बीच संपन्न हुआ। दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक चले संकीर्तन में भजन गायक पं. गोपाल कृष्ण शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति के साथ सावन मास के अनुरूप भगवान शिव के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों की स्वर लहरियों के बीच महिला और पुरुष श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नजर आए। पं. गोपाल कृष्ण शर्मा ने कृष्ण भक्ति से जुड़े अनेक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।



कृष्ण भक्ति के साथ सावन मास को ध्यान में रखते हुए शिव भजनों की प्रस्तुतियों ने आयोजन में आध्यात्मिक रंग और गहरा कर दिया। संकीर्तन के दौरान गीता मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। भजनों की प्रस्तुति के दौरान महिला और पुरुष श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते और नृत्य करते रहे। करीब तीन घंटे तक चले आयोजन के दौरान परिसर और आसपास का वातावरण कृष्णमय और शिवमय बना रहा। आयोजन में संजय व्यास, श्रीकांत पाध्ये, नवीन व्यास, पी.के. शर्मा, दीपक पुरोहित, राधेश्याम मंत्री, सत्यनारायण मंत्री, गोवर्धन रेंडा, हितेंद्र शर्मा, सुनीता मिश्रा, डॉ. पी.के. पुरोहित, लीना ठक्कर, नीतू व्यास, रेणु व्यास, किरण व्यास, प्रेमलता दवे, रामा शर्मा, सुनीता शर्मा, संगीता गुणावत, सरोज ओझा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### 23 अगस्त को 100वां संकीर्तन

99वें संकीर्तन के बाद अब श्रद्धालुओं को 100वें एकादशी संकीर्तन का इंतजार है। गीता मंदिर ट्रस्ट के अनुसार 23 अगस्त को पवित्रा एकादशी के अवसर पर 100वां एकादशी संकीर्तन आयोजित किया जाएगा। आयोजन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक गीता मंदिर परिसर में होगा। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि 100वें संकीर्तन में श्रद्धालुओं की बड़ी सहभागिता की उम्मीद है।